Vacancy Ref. No: BIRAC/VAC/108/Jan-2024-CON

पद : वरिष्ठ परामर्शदाता - रणनीतिक साझेदारी और उद्यमिता विकास (एसपीईडी)

पद कोड :CON-35 **कुल पद : 1 (एक)**

अवधि : नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है जिसे प्रदर्शन और संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

समेकित शुल्क : वरिष्ठ परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क 1,25,000/- रुपये प्रति माह होगा।

कार्य विवरण : बाइरैक देश में बायोटेक उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने में सक्षम है। चयनित वरिष्ठ परामर्शदाता को संस्था में स्पेड समूह के साथ कार्य करने और राष्ट्रीय स्तर पर बायोटेक क्षेत्र में नवाचार एवं उद्यमिता विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा सुदृढ़ बनाने में योगदान देने के अवसर प्राप्त होंगे।

रिपोर्टिंग : वरिष्ठ परामर्शदाता आवश्यक रूप से संबंधित कार्यक्रम प्रमुख के साथ करेंगे और अध्यक्ष-स्पेड को रिपोर्ट करेंगे।

मुख्य उत्तरदायित्व :

- बाइरैक की प्रमुख योजनाओं/कार्यक्रमों विशेषकर बायोटेक इग्निशन ग्रांट (बीआईजी), क्षेत्रीय केंद्रों में योगदान हेतु समूह प्रमुख और भागीदारों के साथ काम करना।
- बड़े आवेदकों, परामर्श कार्यशाला/बैठकों, उद्यमिता प्रशिक्षण, कार्यक्रमों आदि हेतु मूल्यांकन एवं चयन बैठकों की योजना बनाना और उनका संचालन करना।
- उपयुक्त संसाधनों, संभावित भागीदारों और हितधारकों की पहचान करना; और विशेषज्ञ और सलाहकार पूल का विस्तार करना।
- उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के औचित्य विस्तार और पैमाने को बढ़ाने के लिए अंतराल और अवसरों की पहचान करने हेतु आवधिक डेटा विश्लेषण।
- संक्षिप्त एवं स्पष्ट लिखित विश्लेषणात्मक व्यवसाय और तकनीकी दस्तावेज़ तैयार करना।
- डेटा प्रबंधन और गतिशील रिपोर्टिंग हेतु ऑनलाइन मॉड्यूल प्रबंधित करना; लाभार्थियों/आकांक्षियों के प्रश्नों का समाधान करना।
- तकनीकी और वित्तीय वितरण प्रबंधन करना; अनुपालन का पालन करना; सौंपी गई जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करना।
- निर्बाध सहयोग के माध्यम से टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान करना।
- संभवतः अंतरराज्यीय यात्रा की आवश्यकता पड़ सकती है।

अनिवार्य योग्यता :

जीवन विज्ञान/फार्मा/जैव-चिकित्सा विज्ञान/किसी अन्य संबद्ध जैविक विज्ञान क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 4-वर्षीय स्नातक/मास्टर डिग्री कार्यक्रम;

अथवा

जीवन विज्ञान में 3 साल की स्नातक डिग्री के साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/उद्यमिता/सार्वजनिक नीति/सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर;

वांछनीय योग्यता :

जीवन विज्ञान/अन्य संबद्ध विज्ञान क्षेत्र में पीएचडी

उत्तम लिखित एवं मौखिक संचार दक्षताएं।

अनुभव : उत्पाद/प्रौद्योगिकी विकास/निवेश जुटाने में न्यूनतम 5 वर्ष के उद्योग अनुभव के साथ 11 से 19 वर्ष के बीच का अनुभव; जो प्रदर्शित परिणाम के साथ एक तकनीकी परामर्शदाता/निवेशक/सेवा प्रदाता के रूप में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल है।

अधिकतम आयु :

रिक्ति की तिथि तक अधिकतम 50 वर्ष